हिलसा सूर्य मंदिर छठ घाट का एसडीओ ने लिया जायजा

हिलसा (नालंदा) (आससे)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर हिलसा में घाटों की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की कवायद तेज हो गई है। बुधवार को एसडीओ अमित कुमार पटेल ने डीएसपी सुनील कुमार सिंह, मुख्य पार्षद धनंजय कुमार और नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर कुमार के साथ ऐतिहासिक सूर्य मंदिर छठ घाट का निरीक्षण किया।इस दौरान अधिकारियों ने घाट की साफ-सफाई, पहुंच पथ और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही संबंधित कर्मियों को पर्व से पहले सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने घाट परिसर की समुचित सफाई, पर्याप्त रोशनी, तालाब में बैरिकेडिंग और व्रतियों के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि छठ के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर कुमार ने बताया कि व्रतियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए युद्धस्तर पर काम कराया जा रहा है। घाट की सफाई के साथ ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, रोशनी और तालाब परिसर में बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जा रही है। पर्व से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी। मुख्य पार्षद धनंजय कुमार ने बताया कि सूर्य मंदिर घाट पर हजारों की संख्या में व्रती और श्रद्धालु अर्घ्य देने पहुंचते हैं। भीड़ को देखते हुए तालाब में सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग की जाएगी। साथ ही जगह-जगह चेंजिंग रूम बनाए जाएंगे और घाट को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा।मौके पर बीडीओ चंदन कुमार, इंस्पेक्टर अमरदीप कुमार, शिव कुमार, बबलू कुमार, सौरभ कुमार, नीरज कुमार आदि मौजूद थे।



विकास कार्यों का मुख्य पार्षद ने किया निरीक्षण

हिलसा (नालंदा) (आससे)। हिलसा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 23 कौशिक नगर गांव में चल रहे विकास कार्यों का बुधवार को मुख्य पार्षद धनंजय कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ, कनीय अभियंता ग्रामीण लोग मौजूद रहे। मुख्य पार्षद ने मौके पर मौजूद संवेदक और कर्मियों को कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के साथ निर्धारित समय-सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही कार्यों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि शहर के विकास में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। इस दौरान स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे और उन्होंने अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से मुख्य पार्षद को अवगत कराया। मुख्य पार्षद धनंजय कुमार ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में विकास कार्य लगातार कराए जा रहे हैं और किसी भी वार्ड में विकास में कमी नहीं रहने दी जाएगी।आम नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

सभी वार्डो को एक सामान्य देखा जा रहा किसी भी वार्ड विकास से उपेक्षित न रह जाय इसका भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। सरकार की जो भी योजना आ रही है उसे शत प्रतिशत धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है।

राजगीर डिग्री कॉलेज में सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

राजगीर (नालंदा) (आससे)। राजकीय डिग्री महाविद्यालय, राजगीर एवं आयुध निर्माणी, नालंदा के संयुक्त तत्वावधान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर 'परीक्षा में भ्रष्टाचार की रोकथाम' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिकता, पारदर्शिता और परीक्षा की शुचिता के प्रति जागरूकता पैदा करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन आयुध निर्माणी के इंद्र भानु गुप्ता, जूनियर वर्क्स मैनेजर पंकज कुमार, अजीत कुमार एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद प्रकाश गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्राचार्य ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय हमेशा कदाचारमुक्त परीक्षा व्यवस्था के पक्ष में मजबूती से खड़ा रहा है। लाखों युवाओं की प्रतिस्पर्धा में वही आगे बढ़ता है, जो ईमानदारी, अनुशासन और कठिन परिश्रम को अपना आधार बनाता है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण विषय पर पहल करने के लिए आयुध निर्माणी के प्रति आभार जताया। मुख्य अतिथि इंद्र भानु गुप्ता ने कहा कि प्राचार्य डॉ. आनंद प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में संसाधनों की सीमित उपलब्धता के बावजूद महाविद्यालय ने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि सतर्कता जागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में नैतिक मूल्यों, जवाबदेही और पारदर्शिता की भावना विकसित करना है। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि युवा परीक्षा में भ्रष्टाचार जैसी गंभीर समस्या के प्रति सजग हैं। इस अवसर पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भ्रष्टाचार के कारणों, दुष्परिणामों और रोकथाम के उपायों पर प्रभावशाली एवं तार्किक विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में निवेदिता राज ने प्रथम, दिव्या भारती ने द्वितीय, ज्योति कुमारी ने तृतीय, राजकुमार ने चतुर्थ तथा विजय कुमार गुप्ता ने पंचम स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. सत्येंद्र प्रसाद, डॉ. सोमैन पायरा, डॉ. मनोज रजक एवं डॉ. अमर कुमार शामिल रहे। परिणाम तैयार करने का दायित्व डॉ. कुमार सोनू शंकर ने निभाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शारदा कुमारी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. धीरेंद्र उपाध्याय ने किया। अंत में विजेताओं को सम्मानित कर सभी प्रतिभागियों को ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की शपथ दिलाई गई।

बिहारशरीफ नगर निगम में विशेष प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

बिहारशरीफ। बिहारशरीफ नगर निगम परिसर में आज 'ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक' के तहत मोटे अनाज (मिलेट्स) और पारंपरिक खाद्य पदार्थों के महत्व, उपयोगिता तथा उनके व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान शहरवासियों में मोटे अनाज और प्राचीन खानपान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान नगर आयुक्त कृत्यानंद रंजन ने प्रदर्शनी का बारीकी से अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को मोटे अनाज के पोषण संबंधी अनमोल लाभों, पारंपरिक खानपान की महत्ता तथा स्वस्थ एवं टिकाऊ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आधुनिक समय में अपनी पारंपरिक खाद्य संस्कृति की ओर लौटना सेहत के लिए बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों और अधिकारियों ने बताया कि मोटे अनाज न केवल शरीर के लिए पोषण का बेहतर स्रोत हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत कृषि को बढ़ावा देने में भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कम पानी और कम संसाधनों में उगने वाली ये फसलें जलवायु परिवर्तन के दौर में टिकाऊ खेती का एक बेहतरीन विकल्प हैं। इस प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को अपने दैनिक जीवन में अन्न (मिलेट्स) को शामिल करने का संकल्प दिलाया गया।

हरेका में डीएलसी स्पेशल कैंप का आयोजन

हरनौत (नालंदा) (संसू)। स्थानीय सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना (सडिमका) के परिसर स्थित मीटिंग रूम में रेलवे बोर्ड नई दिल्ली एवं ईसीआर मुख्यालय के निर्देशानुसार सेवानिवृत्त रेलवे पेंशनरों एवं फैमिली पेंशनरों के लिए 'डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट' (डीएलसी) स्पेशल कैंप 5.0 का आयोजन किया गया। केंद्र सरकार के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा 1 से 30 नवंबर तक चलाए जा रहे इस राष्ट्रव्यापी अभियान का मुख्य उद्देश्य पेंशनभोगियों को बिना बैंक या दफ्तरों के चक्कर लगाए आसानी से घर बैठे या नजदीकी शिविरों के माध्यम से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की सुविधा देना है।

शिविर के दौरान कारखाना अधिकारियों और कर्मचारियों ने उपस्थित पेंशनरों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा उनकी समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट समाधान किया। सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे समय और धन दोनों की बचत होगी। हालांकि, शिविर के पहले दिन तकनीकी या जागरूकता के अभाव के चलते एक भी पेंशनभोगी का डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र नहीं बन सका।

इस शिविर को सफल बनाने में सहायक कार्मिक अधिकारी संजीव कुमार त्रिवेदी, मुख्य कर्मचारी कल्याण निरीक्षक अजीत कुमार तथा कर्मचारी कल्याण निरीक्षक दीपेश कुमार सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही। अधिकारियों के अनुसार, पेंशनभोगियों की सुविधा के लिए इस विशेष डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन आगे भी जारी रहेगा।

अपराध नियंत्रण को लेकर खुदागंज थाना में एसडीपीओ ने की मासिक समीक्षा बैठक

इस्लामपुर (नालंदा) (संसू)। अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन को लेकर बुधवार, 4 नवंबर 2026 को खुदागंज थाना परिसर में हिलसा-2 (इस्लामपुर) पुलिस अनुमंडल की मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी अंचल निरीक्षक एवं विभिन्न थानों के थानाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न थानों में दर्ज आपराधिक मामलों की समीक्षा करते हुए अनुसंधान में तेजी लाने, अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने तथा पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए।आगामी आयोजनों और सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों को सतर्क किया गया। मंदिर, मस्जिद, मजार, मेला सहित अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों का सुरक्षा ऑडिट करने और संवेदनशील स्थलों पर आवश्यक सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।बैठक में गश्ती व्यवस्था को प्रभावी बनाने पर भी विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि नियमित गश्ती के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखें और अपराध नियंत्रण के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि गश्ती के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक के माध्यम से पुलिस पदाधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया गया कि अपराध नियंत्रण, बेहतर अनुसंधान, आम जनता की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर पुलिसिंग व्यवस्था को और प्रभावी बनाने का निर्देश दिया गया।

चेक बाउंस से संबंधित राष्ट्रीय लोग अदालत 21 को

बिहारशरीफ। आगामी 21 नवंबर को चेक बाउंस से संबंधित और 12 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष के निर्देशन में न्यायिक अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई।

प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार गौरव ने बताया कि चेक बाउंस के मामलों के लिए अब तक 300 से अधिक वादों को चिन्हित किया गया है और पक्षकारों की उपस्थिति हेतु नोटिस जारी किए जा रहे हैं। न्यायालयों में नोटिस तैयार करने के लिए पारा विधिक स्वयंसेवकों की प्रतिनियुक्ति की गई है ताकि अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन किया जा सके। बैठक में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुलदीप, अमृतांश, शानू कुमार, प्राची आचार्या समेत अन्य न्यायिक अधिकारी शामिल हुए।

बिहार विधान सभा सचिवालय

आवश्यक सूचना

बिहार विधान सभा सचिवालय अंतर्गत कनीय सचिवालय सहायक के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा हेतु विज्ञापन संख्या-01/2026 का प्रकाशन बिहार विधान सभा सचिवालय द्वारा किया गया है, जिसे सभी सचिवालय के वेबसाइट https://vidhansabha.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से संबंधित तिथि एवं अन्य निर्देश निम्नांकित है:-

1.	रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) तथा ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारम्भिक तिथि एवं समय	07.11.2026 (11:00 बजे पूर्वा.)
2.	ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि	06.12.2026
3.	परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि	06.12.2026

नोट:-

1. उपर्युक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए सुयोग्य भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने हेतु विस्तृत आवश्यक निर्देश बिहार विधान सभा सचिवालय के वेबसाइट https://vidhansabha.bihar.gov.in/पर उपलब्ध है।
2. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व वेबसाइट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन करने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली-भांति अध्ययन कर लेंगे।
3. उपर्युक्त पद के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के कार्यक्रम के संबंध में सूचना का प्रकाशन अलग से किया जायगा, जिसे बिहार विधान सभा के वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

ह./-जय प्रकाश दूबे
अवर सचिव
बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना

उत्पाद विभाग ने 48 कार्टून शराब के साथ लग्जरी वाहन को किया जब्त

शेखपुरा (आससे)। उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर वाहन जांच अभियान चलाकर भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने एक उजले रंग की टोयोटा फॉर्च्यूनर गाड़ी को जब्त किया है। वाहन से कुल 48 कार्टून में रखी 414 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। हालांकि, पुलिस को देखते ही चालक वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। उत्पाद थानाध्यक्ष अमित आनंद ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर शेखपुरा थाना क्षेत्र के एकसारी गोमती के समीप वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। बुधवार की सुबह करीब तीन बजे एक उजले रंग की फॉर्च्यूनर गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस ने वाहन को रोकने का इशारा किया, लेकिन चालक गाड़ी रोककर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। इसके बाद उत्पाद विभाग की टीम ने वाहन की तलाशी ली। जांच के दौरान गाड़ी से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई। प्रत्येक कार्टून में 180 एमएल की 48 बोतल शराब रखी हुई थी। कुल 48 कार्टून से 414 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने यूपी 71 नंबर की फैंसी नंबर प्लेट लगी फॉर्च्यूनर गाड़ी को भी जब्त किया है। वाहन का नंबर यूपी 71 ए 9999 बताया गया है। छापेमारी अभियान में एएसआई अमरजीत कुमार, दिनेश कुमार सहित उत्पाद विभाग के अन्य कर्मियों की अहम भूमिका रही।

उत्पाद थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में फरार वाहन मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस शराब तस्करी में शामिल लोगों की पहचान करने में जुटी हुई है। शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है।

छठ पर्व को लेकर औंगारीधाम ट्रस्ट के अध्यक्षों ने की बैठक

एकंगरसराय (नालंदा) (आससे)। लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर आने वाले श्रद्धालु भक्तों की भीड़ को देखते हुए थाना परिसर में अधिकारियों, स्थानीय ग्रामीणों एवं औंगारी धाम ट्रस्ट के अध्यक्षों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एसडीओ हिलसा अमित कुमार ने की। बैठक में यात्रियों की सुविधा हेतु पेयजल, छठव्रतियों के ठहरने की व्यवस्था, यातायात, सुरक्षा, प्रकाश, सफाई तथा मुख्य सड़क की सफाई पर विस्तार से चर्चा की गई। सुरक्षा व्यवस्था के लिए काफी संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

मालदा टाउन-शकूरबस्ती-मालदा टाउन स्पेशल ट्रेन

उत्सव के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, 03439/03440 **मालदा टाउन-शकूरबस्ती-मालदा टाउन** स्पेशल ट्रेन निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन की तिथियों और गठन के अनुसार चलेगी:-

मालदा टाउन-शकूरबस्ती			(03439) (03440)	शकूरबस्ती-मालदा टाउन		
तिथि	आ.	प्र.	स्टेशन	आ.	प्र.	तिथि
10.11.26	–	**10.00** ↓	मालदा टाउन	**01.45**	–	13.11.26
	12.50	12.55	साहिबगंज	22.25	22.30	12.11.26
	14.45	14.55	भागलपुर	20.55	21.05	
	16.05	16.10	जमालपुर	19.15	19.20	
	17.35	17.40	किऊल	17.50	17.55	
11.11.26	**17.00**	–	शकूरबस्ती ↑	–	**18.50**	11.11.26

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में न्यू फरक्का, बड़हरवा, कहलगांव, सुल्तानगंज, अभयपुर, मोकामा, बख्तियारपुर, राजेंद्र नगर टर्मिनल, पटना, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, सूबेदारगंज, गोविंदपुरी, टूण्डला और दिल्ली स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने के दिन/तिथि: मालदा टाउन से-03439** दिनांक 10/11/2026 (मंगलवार) को = 01 ट्रिप और **शकूरबस्ती से-03440** दिनांक 11/11/2026 (बुधवार) को = 01 ट्रिप। **गठन:** एसी 3 टियर-06, शयनयान श्रेणी-08, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलएस) - 06, एलएसएलआरडी-01 और पावर कार-01 = कुल 22 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

नशे के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स गठित

शेखपुरा (आससे)। जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने और नशे के खिलाफ अभियान को तेज करने के उद्देश्य से बुधवार को जिला स्तरीय एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के गठन के बाद ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय स्थित मंथन सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता एसपी डॉ. राकेश कुमार ने की। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने, अवैध कारोबार के नेटवर्क की पहचान करने तथा नशे के विरुद्ध समन्वित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एएसपी डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि शेखपुरा पुलिस मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बायपास और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर संचालित दुकानों तथा संदिग्ध गतिविधियों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसी अभियान के तहत हाल ही में पुलिस ने बस स्टैंड के समीप छापेमारी कर एक गुमटी से गांजा बरामद किया था। उन्होंने कहा कि नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर व्यापक अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में नशीली दवाओं, इंजेक्शन और अन्य मादक पदार्थों की बरामदगी के साथ-साथ उनके अवैध इस्तेमाल की रोकथाम पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस अधिकारियों को तस्करी के नेटवर्क की पहचान करने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और आपसी सूचना का आदान-प्रदान कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। एएसपी ने कहा कि नशे के कारोबार के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी तालमेल के साथ काम करना होगा। इसके माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए अभियान को और प्रभावी बनाया जाएगा।

आपदा पीड़ित चार परिवारों को ग्रामीण विकास मंत्री ने सौंपा सहायता राशि का चेक

बिहारशरीफ। बेन प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में बुधवार को पारिवारिक लाभ योजना के तहत आपदा पीड़ित चार परिवारों के बीच सहायता राशि का वितरण किया गया। ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने हर लाभुक को 20-20 हजार रुपये का चेक सौंपा। चेक पाने वाले लाभुकों में भातु बिगहा के संजय राम, गुरु शरणपुर के चमरू मांझी, जनकपुर के अशोक कुमार और मारी की शर्मिला देवी शामिल हैं। इस दौरान मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सरक. ारी खजाने पर पहला हक आपदा पीड़ितों का है और आपदा की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

पावापुरी में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

गिरियक (नालंदा) (संसू)। अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल पावापुरी में बुधवार को एक बार फिर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। प्रशासन की कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों और कर्मियों की मौजूदगी में सड़क के किनारे लगाई गई अस्थायी दुकानें, ठेले और अन्य अवैध संरचनाओं को हटाया गया। प्रशासन का उद्देश्य पावापुरी को अतिक्रमण मुक्त बनाना, यातायात व्यवस्था को सुचारू करना और श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को आवागमन में होने वाली परेशानियों से निजात दिलाना है।

बिहार विधान सभा सचिवालय

आवश्यक सूचना

बिहार विधान सभा सचिवालय अंतर्गत कार्यालय परिचारी के रिक्त पदों पर भर्त्ती के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा हेतु विज्ञापन संख्या-02/2026 का प्रकाशन बिहार विधान सभा सचिवालय द्वारा किया गया है, जिसे सभा सचिवालय के वेबसाइट https://vidhansabha.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है:-

ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से संबंधित तिथि एवं अन्य निर्देश निम्नांकित है:-

1.	रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) तथा ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय	07.11.2026 (11:00 बजे पूर्वा.)
2.	ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि	06.12.2026
3.	परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि	06.12.2026

नोट:-

1. उपर्युक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए सुयोग्य भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने हेतु विस्तृत आवश्यक निर्देश बिहार विधान सभा सचिवालय के वेबसाइट https://vidhansabha.bihar.gov.in/पर उपलब्ध है।
2. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व वेबसाइट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन करने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली-भांति अध्ययन कर लेंगे।
3. उपर्युक्त पद के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के कार्यक्रम के संबंध में सूचना का प्रकाशन अलग से किया जायगा, जिसे बिहार विधान सभा के वेबसाइट पर देखा जा सकता है।


ह./-जय प्रकाश दूबे
अवर सचिव
बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना

पूर्वोत्तर रेलवे

अधिसूचना सं.: 193/2026

रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने हेतु निम्नलिखित विशेष गाड़ी का संचलन निम्नवत किया जायेगा।



गाड़ी सं. 08021/08022 शालीमार-थावे-शालीमार त्योहार विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 08021 शालीमार से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 06-11-2026 से 20-11-2026 तक = 03 ट्रिप
गाड़ी सं. 08022 थावे से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 07-11-2026 से 21-11-2026 तक = 03 ट्रिप

गाड़ी संख्या 08021 शालीमार-थावे		स्टेशन	गाड़ी संख्या 08022 थावे-शालीमार	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
-	**10:15**	शालीमार	**03:30**	-
10:30	10:35	सांतरागाछी	02:45	02:47
11:37	11:40	डानकुनि	00:47	00:50
12:30	12:33	बर्द्धमान	23:41	23:44
13:31	13:33	दुर्गापुर	22:16	22:18
14:05	14:10	आसनसोल	21:45	21:47
14:34	14:36	चित्तरंजन	21:15	21:17
15:14	15:16	मधुपुर	20:20	20:22
15:40	15:42	जसीडीह	19:48	19:50
16:45	16:50	झाझा	19:05	19:10
17:35	17:37	किऊल	17:10	17:12
19:15	19:25	बरौनी	15:20	15:30
20:25	20:27	शाहपुर पटोरी	13:25	13:27
21:10	21:15	हाजीपुर	12:35	12:40
21:25	21:27	सोनपुर	12:15	12:17
01:30	01:32	खैरा	10:43	10:45
01:45	01:47	मढ़ौरा	10:28	10:30
02:00	02:02	मशरख	10:12	10:14
02:23	02:25	दीघवा दुबौली	09:48	09:50
03:00	03:02	गोपालगंज	09:12	09:14
04:00	-	थावे	-	**09:00**

रेक संरचना: शयनयान-13, सामान्य द्वितीय श्रेणी-04, वातानुकूलित तृतीय-02, वातानुकूलित द्वितीय-01, एसएलआरडी-02 = कुल 22 कोच।

गाड़ी सं. 08629/08630 रांची-गोरखपुर-रांची त्योहार विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 08629 रांची से प्रत्येक वृहस्पतिवार को दिनांक 05-11-2026 से 19-11-2026 तक = 03 ट्रिप
गाड़ी सं. 08630 गोरखपुर से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 06-11-2026 से 20-11-2026 तक = 03 ट्रिप

गाड़ी संख्या 08629 रांची-गोरखपुर		स्टेशन	गाड़ी संख्या 08630 गोरखपुर-रांची	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
-	**11:35**	रांची	**07:55**	-
12:43	12:45	मुरी	06:33	06:35
13:45	13:50	बोकारो स्टील सिटी	05:05	05:10
14:28	14:30	चंद्रपुरा	04:36	04:38
15:42	15:50	धनबाद	02:28	02:35
17:10	17:12	चित्तरंजन	00:18	00:20
18:00	18:02	मधुपुर	23:35	23:37
18:25	18:27	जसीडीह	23:08	23:10
19:30	19:35	झाझा	22:30	22:35
20:20	20:22	किऊल	20:08	20:10
22:00	22:10	बरौनी	18:30	18:40
23:00	23:02	शाहपुर पटोरी	17:10	17:12
00:20	00:22	हाजीपुर	16:20	16:25
00:35	00:37	सोनपुर	16:08	16:10
03:05	03:10	छपरा	13:55	14:00
04:00	04:05	सीवान	11:45	11:50
04:43	04:45	भटनी	10:10	10:12
05:06	05:08	देवरिया सदर	09:38	09:40
06:25	-	गोरखपुर	-	**08:35**

रेक संरचना: सामान्य द्वितीय श्रेणी-02, शयनयान-15, वातानुकूलित तृतीय-02, वातानुकूलित द्वितीय-01, एसएलआरडी-02 = कुल 22 कोच।

मुजाधि/टी-78B — मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

GOVT. OF BIHAR

BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD

I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (UGMAC)-2026 for MBBS/ BDS/ B.V.Sc. & A.H./ B.F.Sc. in Govt. Medical / Dental / Veterinary Colleges / College of Fisheries and Private Medical / Dental Colleges of Bihar

Adv. No.- BCECEB(UGMAC)-2026/19 Dated 03.11.2026

Notice for Special Stray Vacancy Round for MBBS and Round-5 for BDS / B.V.Sc. & A.H. / B.F.Sc. Online Application & Choice Filling

Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling after Stray Vacancy Round are invited from such qualified, eligible & interested NEET(UG)-2026 candidates for appearing in the Special Stray Vacancy Round Online Counselling of Under Graduate Medical Admission Counselling (UGMAC)-2026, who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No. BCECEB(UGMAC)-2026/01 & 2026/02 Dated 07.08.2026, 2026/05 Dated 11.09.2026, 2026/07 Dated 15.09.2026, 2026/08 Dated 17.09.2026 & 2026/09 Dated 30.09.2026 , 2026/14 , 2026/15 Dated 18.10.2026 & 2026/16 Dated 22.10.2026 and are not admitted in any Medical / Dental Colleges of India, for admission to the first year UG Medical / Dental Courses (MBBS / BDS) in Government / Private Medical / Dental Colleges and B.V.Sc. & A.H. / B.F.Sc. courses in Govt. Veterinary / Fisheries Colleges of Bihar state based on the Rank of UGMAC-2026 prepared on the basis of All India Rank of NEET(UG)-2026 on the vacant seats available after admission on the basis of UGMAC-2026 Online Stray Vacancy Round Counselling held from 29.10.2026 to 31.10.2026.

Consent is also invited from eligible candidates who have already duly submitted the Online Application form earlier and fall under the condition mentioned in para-15 of the Adv.No.-BCECEB(UGMAC)-2026/18 dated 03.11.2026 uploaded on Board's website.

2. Updated Seat Matrix of vacancies after completion of Stray Vacancy Round Counselling is available on Board's website: **bceceboard.bihar.gov.in**. If any further vacancies arise due to non joining of candidates on their Stray Vacancy Round Counselling allotted seat etc., the Updated Seat Matrix will be uploaded on the Board's website. The candidate must see it before Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling / submitting their Consent / editing of choices for Online Counselling.

3. The online Registration & submission of Application-cum-Choice Filling / Editing of Application Form data / Editing of Choices **will start from 04.11.2026**.

4. Eligibility criteria for counselling / admission Fee payment precedure, instructions and other details for filling up online applications form-cum-choice filling are available in the Prospectus of UGMAC-2026 and the **related Advertisement No.-BCECEB(UGMAC)-2026/18 dated 03.11.2026, which can be seen / downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.**

Controller of Examination